भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 2585

उत्तर देने की तारीख-09/03/2026

मध्याह्न भोजन योजना संबंधी बजट

†2585. **श्रीमती माला राय:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों (वित्त वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26) के दौरान मध्याह्न भोजन योजना के संबंध में अनुमानित बजट, संशोधित बजट और वास्तविक बजट व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त योजना के लिए वित्त वर्ष 2026-27 में निधि में वृद्धि की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 2026-27 के लिए प्रति बच्चा प्रतिदिन के हिसाब से वास्तविक रूप से बढ़ी हुई निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ग): प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) योजना सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के बाल वाटिका (कक्षा- I से ठीक पहले) और कक्षा I से VIII में पढ़ने वाले सभी बच्चों को एक गर्म पका हुआ और पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) के साथ साझेदारी में लागू की गई सबसे महत्वपूर्ण अधिकार आधारित केंद्र प्रायोजित योजनाओं में से एक है। इस योजना में सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 10.35 लाख से अधिक स्कूलों में लगभग 11 करोड़ बच्चे शामिल हैं। पात्र बच्चों को गर्म पका हुआ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की समग्र जिम्मेदारी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की है

वित्तीय वर्ष (वित्त वर्ष) 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के दौरान बजट अनुमान (ब.अ.), संशोधित अनुमान (सं.अ.) और वास्तविक व्यय का ब्यौरा इस प्रकार है:-

(रुपये करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	ब.अ.	सं.अ.	वास्तविक व्यय
2023-24	11600.00	10000.00	8457.74
2024-25	12467.39	10000.00	9902.99
2025-26	12500.00	10600.00	8128.92*
2026-27	12750.00		

*3 मार्च, 2026 तक

*****